प्रेस नोट थाना तिलहर

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनाँक – 11.06.2026

थाना तिलहर पुलिस को बड़ी सफलता, मंदिर एवं मेले में जेवरात चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए 03 महिला अभियुक्ताएं गिरफ्तार, चोरी किया गया माल बरामद।

पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय, श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशानुसार जनपद में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के निकट पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना तिलहर के नेतृत्व में थाना तिलहर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोगो में प्रकाश में आये 03 नफर अभियुक्ताओ को मय चोरी गये माल के साथ किया गया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 10.06.2026 को वादी श्री अजय सिंह पुत्र मुनीश्वर सिंह निवासी ग्राम नगला मधा थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दी गई कि वह अपनी पत्नी श्रीमती अंशिका सिंह के साथ कछियानी खेड़ा स्थित हनुमान जी मंदिर में प्रसाद चढ़ाने गए थे, जहां मंदिर परिसर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन चोरी कर ली गई, जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 289/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया तथा विवेचना के दौरान धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। इसी क्रम में पूर्व में दिनांक 04.05.2026 को वादी श्री रनवीर पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम गोपालपुर ठठिउरा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर द्वारा बिरिया बाबा मेले में उनकी बहन के कान के कुण्डल चोरी हो जाने के संबंध में दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 211/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था, जिसमें धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। उक्त घटनाओं के अनावरण हेतु थाना तिलहर पुलिस द्वारा की जा रही सुरागरसी एवं पतारसी के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 10.06.2026 को समय 17:49 बजे बिलहरी से बिलहरा जाने वाले कच्चे रास्ते के पास घेराबंदी कर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए अभियुक्ता 1. ज्ञानवती उर्फ गेंदावती पत्नी विजयपाल, 2. भूरा पत्नी लक्ष्मण एवं 3. प्रियांका पुत्री सुशील निवासीगण सेहरामऊ दक्षिणी थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ताओं के कब्जे से एक टीका, एक नथ मय डोरी, एक मंगलसूत्र, दो जोड़ी टाप्स, एक लॉकेट (जिस पर ॐ अंकित है), एक जोड़ी कुण्डल, एक चैन, दो बच्चों की कौंधनी, चार खड़ुआ तथा एक जोड़ी पायजेब सहित चोरी गया आभूषण बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्ताओ का विवरण -

1. ज्ञानवती उर्फ गेंदावती पत्नी विजयपाल उम्र करीब 34 वर्ष नि0 सेहरामऊ दक्षिणी थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर।

2. भूरा पत्नी लक्षमण उम्र करीब 42 वर्ष नि0 सेहरामऊ दक्षिणी थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर।
3. प्रियंका पुत्री सुशील उम्र करीब 23 वर्ष नि0 सेहरामऊ दक्षिणी थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरण -

1. मु0अ0सं0 289/2026, धारा 303(2) बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0 211/2026, धारा 303(2) बीएनएस व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बीएनएस, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।

बरामदगी का विवरणः-

1. 01 टीका (पीली धातु)।
2. 01 नथ मय डोरी, दोनों ओर कुंदे लगे हुए (पीली धातु)।
3. 01 मंगलसूत्र मय काली डोरी (पीली धातु)।
4. 02 जोड़ी टाप्स (पीली धातु)।
5. 01 लॉकेट (पीली धातु), जिस पर “ॐ” अंकित है।
6. 01 जोड़ी कुण्डल (पीली धातु)।
7. 01 चैन (पीली धातु)।
8. 02 बच्चों की कौंधनी (सफेद धातु)।
9. 04 बच्चों के खड़ुआ (सफेद धातु)।
10. 01 जोड़ी पायजेब (सफेद धातु)।

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 रमेश कुमार वर्मा, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
3. उ0नि0 हरकिशोर मौर्य, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
4. म0उ0नि0 नेहा सैनी, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
5. रि0म0का0 अंजली, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
6. रि0म0का0 प्रियंका, थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।